हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 मई 2026

06 अज्ञात कारणों से मकान में लगी भीषण आग...



09 अड़ीबाजी के 2 मामलों में केस दर्ज, जमीन विवाद में ...






**खबर संक्षेप**

### एकलव्य रेड ने उड़ान रेड को 181 रन के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत शनिवार को खेले गए एक मैच में एकलव्य क्रिकेट अकादमी रेड ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को 181 रन से हराया। इस मैच में एकलव्य रेड की ओर से मात्र 15 वर्षीय बालक अराव मसीह ने मात्र 84 गेंद पर 21 चौकों और 17 छक्कों की मदद से 210 रन को दोहरा शतक लगाया, वहीं अनंत पेशवानी ने 8 ओवर में 29 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। मैच के अंत में जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, कोच अतुल कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, पवन केवट आदि ने शहर के उभरते विस्फोटक बल्लेबाज अराव मसीह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

# अफसरशाही के 'अप-डाउन' के आगे दम तोड़ रही पीएम मोदी की अपील, किसान चला रहे साइकिल, साहब उड़ा रहे धूल

### सीहोर मुख्यालय के अनेक विभाग के कई अफसर कर रहे भोपाल से आना जाना

**सीहोर।** एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन बचाने देश से अपील की है तो इस अपील को प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी आत्मसात करते हुए अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटा दी है। दूसरी और सीहोर जिले में पदस्थ अफसरशाही इस अपील को ठेंगे पर रख रही है। जिले में तैनात दर्जनों विभागों के आला अधिकारी मुख्यालय पर रहने के बजाय राजधानी भोपाल से रोजाना अप-डाउन कर रहे हैं। विडंबना देखिए कि जहां कलेक्टर स्वयं संवेदनशी हैं, वहीं उनके मातहत अधिकारी सरकारी संसाधनों और निजी वाहनों का दुरुपयोग कर रोज सीहोर-भोपाल की आने-जाने में 80 किलोमीटर की दूरी नाप रहे हैं।

बता दें सीहोर मुख्यालय पर पदस्थ होने के बावजूद अधिकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है जो




मुख्यालय पर निवास न करते हुए भोपाल से आना-जाना करते हैं। इनमें जिला पंचायत के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी, पीआईयू अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, जल निगम और बिजली विभाग के अफसर शामिल हैं।

#### यह भी पीछे नहीं

इसी तरह प्रशासनिक एवं वित्त की बात करें तो सांख्यिकी, ट्रेजरी और पेंशन, पंजीयक, वाणिज्यकर अधिकारी और पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शामिल हैं, वहीं कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो कृषि अधिकारी, उद्यानिकी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारी, डीपीएम और आयुष अधिकारी भी शामिल हैं।

#### हम भी किसी से कम नहीं

अन्य विभागों में महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, आदिमजाति कल्याण, जिला परिवहन, विपणन अधिकारी, वेयर हाउस शाखा प्रबंधक, श्रम अधिकारी, मत्स्य, उद्योग विभाग, नापतोल और पीजी कॉलेज में भी जिम्मेदार सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के ज्यादातर इंस्पेक्टर और सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी भी सीहोर-भोपाल आने जाने की श्रेणी में शामिल हैं।

**एक तरफ त्याग, दूसरी तरफ दुरुपयोग:** शहर में चर्चा है कि ये अधिकारी या तो सरकारी गाडियों के डीजल का दुरुपयोग कर रहे हैं या फिर अपनी निजी गाडियों से अप डाउन कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर ईंधन की बर्बादी है। यह स्थिति तब है जब पीएम मोदी ने देशहित में ईंधन बचाने की अपील की है।

#### अफसरों को आइना दिखा रहे चंदेरी के किसान



प्रशासनिक अधिकारियों की इस लापरवाही के बीच सीहोर के ग्राम चंदेरी के किसानों ने एक मिसाल पेश की है। पीएम की अपील और सीएम के छोटे काफिले के निर्णय से प्रेरणा लेकर इन किसानों ने अपनी बाइक छोडक़र साइकिल अपना ली है। ये किसान अब खेत-खलिहान से लेकर बाजार तक का सफर साइकिल से तय कर रहे हैं ताकि देश का ईंधन और पैसा बचाया जा सके। अब बड़ा सवाल यही है कि जब पसीना बहाने वाला अन्नदाता देशहित में अपनी बाइक छोडक़र साइकिल चला सकता है तो भारी-भरकम वेतन और सुविधाएं पाने वाले ये 'साहब' मुख्यालय पर रहकर ईंधन की बचत क्यों नहीं कर सकते।

#### कलेक्टर की सक्रियता के बाद भी सुस्ती

जिले के मुखिया (कलेक्टर) स्वयं मुख्यालय पर निवास करते हैं और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हैं। बावजूद इसके अनेक विभागों के मुखिया और अधीनस्थ अधिकारियों की यह मनमानी न केवल शासन के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के बीच प्रशासन की छवि को भी धूमिल कर रही है।

### मुख्यमंत्री के गृह जिले उज्जैन के बाद केंद्रीय मंत्री के गृह जिले सीहोर ने गाड़े झंडे, 5 साल का रिकॉर्ड टूटा

# गेहूं खरीदी में सीहोर प्रदेश में दूसरे नंबर पर, रिकॉर्ड तोड़ आवक के बीच 'बारदाने' ले रहे किसानों की परीक्षा

### अंतिम दौर में भी केंद्रों पर कतारें, स्लॉट, तुलाई और अब भुगतान के लिए भटक रहे अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल अनुकूल मौसम और बंपर पैदावार के दम पर सीहोर जिले ने गेहूं उपार्जन (समर्थन मूल्य पर खरीदी) के मामले में पूरे प्रदेश में अपना परचम लहराया है। जिला गेहूं खरीदी के मामले में मध्य प्रदेश में दूसरे नंबर पर आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि पहले नंबर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह जिला उज्जैन (साढ़े सात लाख मीट्रिक टन) है तो दूसरे नंबर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला सीहोर (सवा सात लाख मीट्रिक टन) बना हुआ है।

जिले में इस बार गेहूं की बंपर आवक ने पिछले 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वर्ष 2021 में जहां 7 लाख 43 हजार मीट्रिक टन खरीदी हुई थी, वहीं इस साल अब तक 7 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है। शासन ने किसानों की सहूलियत को देखते हुए खरीदी की अंतिम तिथि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई कर दी है, जिससे यह आंकड़ा सवा सात लाख मीट्रिक टन के पार जाने का अनुमान है।

#### उलझनों में फंसा अन्नदाता, पहले स्लॉट, अब बारदाने का टोटा

एक तरफ जहां खरीदी के आंकड़े आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर किसान व्यवस्थाओं से जूझ रहा है। खरीदी के इस अंतिम दौर में किसानों को एक नए संकट का सामना करना पड़ रहा है 'बारदाने' की कमी। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी के खरीदी केंद्र सहित जिले के कई केंद्रों पर बारदानों का भारी टोटा देखा जा रहा है।

मंडी स्थित खरीदी केन्द्र में खड़े किसानों ने बताया कि वे दो-दो दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर कतारों में खड़े हैं, लेकिन बारदाने न होने के कारण उनकी उपज की तुलाई नहीं हो सकी है। किसानों का कहना है कि इस सीजन में उन्हें हर कदम पर इंतजार और परीक्षा देनी पड़ रही है।

**28 मई तक बढ़ी तारीख, प्रशासन का दावा- बारदाने की कमी दूर कर दी गई है**



#### 331 करोड़ का भुगतान अभी भी शेष

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भले ही नियम के मुताबिक 7 दिनों के भीतर किसानों के खातों में राशि ट्रांसफफ करने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि जिले में अभी भी 331 करोड़ रुपये का भुगतान शेष है। कुल 1826 करोड़ रुपये की खरीदी में से अब तक 1495 करोड़ रुपये का ही भुगतान हो सका है। राशि खातों में न आने के कारण बड़ी संख्या में किसान हर दिन बैंकों के चक्कर काट रहे हैंए जहां से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। हालांकि विभागीय सूत्रों का कहना है कि कई मामलों में बैंक खातों का आधार से लिंक न होना भी भुगतान अटकने की एक बड़ी वजह बनी हुई है।

### बारदान हो या ना हो इससे मुझे कोई, मतलब नहीं तूलाई नहीं रुकना चाहिए : विधायक



सीहोर। तेज धूप में गेहूं तुलाई का इंतजार कर रहे किसानों को देखकर शनिवार को कृषि उपज मंडी में विधायक सुदेश राय जबरदस्त आक्रोशित हो गए। वेयर हाउस के अधिकारियों को विधायक सुदेश राय ने साफ शब्दों मे कहा कि आपके बारदाना आए या ना आए इससे मुझे कोई मतलब नहीं है। मैं किसानों को परेशान नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं करूंगा। विधायक राय यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि दो दिनों से तेज धूप में अपनी ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर किसान खड़े हुए हैं तुम लोगों को शर्म नहीं आ रही है गड़बड़ मत करो आसपास के वेयर हाउस गेहूं उत्पादन केंद्र पर पर्याप्त बारदान मौजूद है आप के ही पास नहीं हैं। वेयर हाउस के अधिकारियों कर्मचरियों और विधायक सुदेश राय ने कहा कि भले ही सरकारी छुट्टी क्यों ना हो उपज से भरी ट्रॉली की तलाई होगी। ध्यान रखिए किसानों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए।

### समर्थन खरीदी पर एक नजर

- कुल पंजीयन: 1 लाख 2 हजार किसान
- स्लॉट बुकिंग: 92 हजार 300 किसान
- कुल खरीदी मूल्य: 1826 करोड़ रुपये
- अब तक भुगतान: 1495 करोड़ रुपये
- शेष भुगतान: 331 करोड़ रुपये
- सक्रिय खरीदी केंद्र: 240 केंद्र

#### अब तक 85 हजार किसान लाभांवित

बता दें इस बार समर्थन खरीदी अपने पुराने रिकार्ड तोडने पर आतुर है। साल 2023 की बात करें इस वर्ष 6 लाख 40 हजार मीट्रिक टन खरीदी हुई थी, जबकि 68 हजार 843 किसानों ने समर्थन का लाभ लिया था। इसी तरह 2024 में 5 लाख 6 हजार मीट्रिक टन, लाभांवित किसान 60 हजार 824, साल 2025 में 6 लाख 32 हजार मीट्रिक टन खरीदी, 72 हजार 95 किसान लाभांवित हो और वर्तमान में अब तक 7 लाख 25 हजार मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है, जबकि 85 हजार 800 किसान ने लाभ लिया है, वहीं अब भी खरीदी के 4 दिन शेष बचे हैं।

#### व्यवस्थाएं दुरुस्त, बारदाने पहुंचाए गए

कुछ खरीदी केंद्रों पर आंशिक रूप से बारदानों की कमी आई थी, लेकिन जैसे-जैसे हमें आपूर्ति मिल रही है, हम तुरंत केंद्रों तक भेज रहे हैं। कृषि उपज मंडी स्थित केंद्र पर भी बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं और खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी है। इस बार किसानों को बिना किसी विलंब के भुगतान भी समय पर किया जा रहा है, कहीं कोई बड़ी परेशानी नहीं है।
**आकाश कुमार चंदेल,** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व गेहूं खरीदी इंचार्ज सीहोर

### समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में बिलकिसगंज रोड पर बम-पटाखों के साथ प्रदर्शन

# ग्रामीणों का रात 1 बजे 'कैंडल मार्च' अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ फूटा गुस्सा, फैक्ट्रियों में कटौती की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से रात्रि के समय हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ अब जनआक्रोश सड़कों पर आ गया है। भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बीच ग्राम चंदेरी के ग्रामीणों ने समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार रात 1:00 बजे सीहोर-बिलकिसगंज-भोपाल रोड पर अनोखा प्रदर्शन किया।

#### मोमबत्ती-मोबाइल की रोशनी में मसाल जुलूस

ग्रामीणों ने मोमबत्ती जलाकर, बम-पटाखे फोड़ते हुए और मोबाइल की रोशनी में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान विद्युत मंडल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रात में 2 से 3 घंटे तक 2-3 बार बिजली काटी जा रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का सोना दूभर हो गया है।

#### 'गांव नहीं, फैक्ट्रियों की कटौती करो'

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिजली संकट है तो बड़े औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों में कटौती की जाए, गांवों की बिजली बंद न की जाए। ग्रामीणों का कहना था कि शहरों में बिजली कटौती नहीं हो रही, सिर्फ गांवों को निशाना बनाया जा रहा है। रात में बिजली बंद होने से मच्छर-उमस के कारण मलेरिया का खतरा बढ़ गया है और पेयजल आपूर्ति भी ठप हो रही है।

#### ग्रामीणों की क्या है मांग

1. ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि की अघोषित कटौती तुरंत बंद हो।
2. बिजली संकट में कटौती औद्योगिक क्षेत्रों में की जाए, गांवों में नहीं।
3. पेयजल और स्वास्थ्य संकट को देखते हुए रात में निर्बाध बिजली दी जाए।

#### मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से गुहार

ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री से मांग की कि विद्युत विभाग को सख्त निर्देश देकर ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद कराई जाए। उन्होंने कहा कि ₹हम सरकार के समर्थक और सेवक हैं, इसलिए हमारी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए।₹ चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

#### प्रदर्शन में जुटे सैकड़ों ग्रामीण

इस मसाल रैली में समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के साथ नई चंदेरी और पुरानी चंदेरी के समस्त ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से रात्रिकालीन बिजली आपूर्ति सुचारु रखने की मांग की है ताकि भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# नगर में आर्यवीरों का आज निकलेगा भव्य पथ संचलन



**सीहोर।** विगत 16 मई से आर्य समाज गंज सीहोर एवं भारत विकास परिषद. शाखा सीहोर के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय पूर्ण कालिक चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे। जिसमें शुनिवार को शिविर में उपस्थित सभी शिविरार्थियों का जनेऊ संस्कार करवाया गया। आर्यवीरों का भव्य पथसंचलन आज सायं 5 बजे निकाला जाएगा। पथसंचलन आवासीय स्कूल प्रांगण भोपाल नाके से प्रारंभ होकर, इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा मार्ग से होते हुए लीजा टॉकीज चौराहे पर पहुंचकर सम्पन्न होगा। अनुशासित ढंग से निकलने वाला यह पथसंचलन नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगा, जहां अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आर्यवीरों का स्वागत किया जाएगा।

आर्य समाज के मंत्री आर्य रितेश राठौर ने बताया कि आर्यवीरों ने पूर्णकालिक शिविर में अत्यंत पुरुषार्थ एवं अनुशासन के साथ आत्मरक्षा एवं योग प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। नगरवासियों द्वारा उनका विभिन्न स्थानों पर उत्साहवर्धन किया जाएगा। आगे जानकारी देते हुए बताया कि पथसंचलन में बड़ी संख्या में आर्य समाज गंज सीहोर, भारत विकास परिषद शाखा सीहोर के सभी सदस्य, मोहाली आर्य समाज, निपानिया आर्य समाज,खामखेड़ा हरनावदा आर्य समाज, आर्य समाज फॉरेस्ट कॉलोनी, महतवाडा आर्य समाज ,आष्टा आर्य समाज,आर्य वीर दल के सभी कार्यकर्ता, शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा एवं नगर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। अनुशासित ढंग से निकलने वाला यह पथसंचलन नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगा, जहां अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आर्यवीरों का स्वागत किया जाएगा। भारत विकास परिषद एवं आर्य समाज के सदस्यों ने समस्त नागरिकों से इस पथसंचलन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### पेयजल संबंधी शिकायतों का किया गया निराकरण

**सीहोर।** जिले में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण जल स्तर नीचे हो रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए स्थापित कंट्रोल रूम में अभी तक कुल 584 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 531 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। सीहोर जिले में 1017 ग्रामों में से 499 ग्रामों में नलजल योजना के माध्यम से तथा शेष ग्रामों में 7748 हैण्डपम्पों एवं निजी स्त्रोतों द्वारा जल आपूर्ति की जा रही है। अभी तक 259 हैण्डपम्पों में 930 मीटर राइजर पाइप बढाकर हैण्डपम्प चालू किये गये है तथा 43 हैण्डपम्पों में सिंगलफेस मोटर पम्प स्थापित कर पेयजल व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 20 नलकूपों की सफाई का कार्य भी कराया गया है। विभाग द्वारा 332 एकल नलजल प्रदाय योजनाये स्वीकृत हुई है, जिनमें से 317 योजनाये पूर्ण हो चुकी है तथा 15 योजनाओं में कार्य प्रगतिरत है, जो 01 माह में पूर्ण हो जायेगी।

### संतोष कुमार मालवीय अभा बलाई महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**सीहोर।** अखिल भारतीय बलाई महासभा द्वारा संतोष कुमार मालवीय पिता भंवरजी लाल मालवीय निवासी ग्राम तकीपुर को राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल बछेर पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र राजस्थान दूधी के आदेश अनुसार तथा मध्य प्रदेश के अखिल भारतीय बलाई महासभा के अध्यक्ष की सहमति तथा प्रेम नारायण परमार प्रदेश उपाध्यक्ष की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के अखिल भारतीय बलाई महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय मालवीय बरखेड़ा सालम द्वारा संतोष कुमार मालवीय को अखिल भारतीय बलाई महासभा का जिला सीहोर के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर सीताराम भारती, प्रीतम दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़ेभाई, हसीन कुरैशी, मांगीलाल टिमरई, के.के. रिछारिया, नवीन सौलंकी, गजराज परमार घासीराम मालवीय, रामकिशन मालवीय प्रेम नारायण परमार, भवानीसिंह मालवीय, रामचरण मालवीय, कमल सिंह सूर्यवंशी, हरिओम सिसोदिया, डॉ.शेखर मालवीय, विक्रम मालवीय, यश यादव, मनीष मेवाड़ा ने बधाई।

## कटौती का शेड्यूल तय नहीं, ग्रामीण अंचलों में नहीं मिल पा रही 24 घंटे बिजली

# सामान्य दिन के मुकाबले गर्मी के दिन में ढाई गुना तक बढ़ी बिजली की खपत, कटौती से समस्या

भीषण गर्मी के दौरान आम दिनों के मुकाबले इस समय ढाई गुना बिजली की खपत बढ़ गई है। सामान्य दिनों में प्रतिदिन 6 लाख यूनिट की बिजली खपत भैरूंदा संपूर्ण डिवीजन में होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सूर्य की तपन के बीच बिजली की खपत में भी तेजी के साथ वृद्धि हुई है। भीषण गर्मी के दौरान आम दिनों के मुकाबले इस समय ढाई गुना बिजली की खपत बढ़ गई है। सामान्य दिनों में प्रतिदिन 6 लाख यूनिट की बिजली खपत भैरूंदा संपूर्ण डिवीजन में होती है। वही गर्मी की दिनों में यह खपत 15 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। गर्मी का दौर बढ़ाने के साथ ही किसानों को जायद की मूंग फसल में बिजली लग रही है। ऐसे में विद्युत विभाग पर विद्युत आपूर्ति का अतिरिक्त दबाव बन गया है। लगभग ढाई गुना खपत बढ़ने के कारण वोल्टेज की समस्या भी इस समय बिजली उपभोक्ताओं को परेशान किए हुए हैं। सही वोल्टेज नहीं मिलने के कारण इस समय बिजली से चलने वाले उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे। बिजली विभाग की माने तो इस समय ग्रामीण अंचलों में सर्वाधिक बिजली की खपत देखने को मिल रही है। वर्तमान में मूंग फसल का सीजन चल रहा है ऐसे में किसानों को अपनी फसल में पानी देने के लिए प्रतिदिन कई घंटे तक मोटर चलाना पड़ रही है। गांव में विभाग के द्वारा शिफ्टिंग के हिसाब से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

क्षेत्र में इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। पिछले एक पखवाड़े में मौसम का 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। दिन के समय में तेज गर्मी के साथ ही धूप की तीखी चुभन और गर्म हवाओं के थपेड़ों से सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सड़क पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है। तेज गर्मी से बचने के लिए इस समय कूलर, पंखे व एसी ही सहारा बने हुए हैं। लेकिन लो वोल्टेज की समस्या ने आम उपभोक्ताओं की परेशानियों को बड़ा दिया है। भीषण गर्मी के बीच बीते 15 दिनों से शहर में वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। हालांकि विभाग के द्वारा इसे जल्द ही दुरुस्त किए जाने की बात कही गई थी लेकिन अभी भी शहर के कई हिस्सों में वोल्टेज की समस्या होने से शहर वासी परेशान हो रहे हैं।




### 15 लाख यूनिट प्रतिदिन की हो रही बिजली खपत

यदि हम बिजली खपत की बात करें तो पूरे भैरूंदा डिवीजन में 15 लाख यूनिट प्रतिदिन की बिजली खपत हो रही है। जबकि सामान्य दिनों में यह आंकड़ा 6 लाख यूनिट तक रहता है। लगभग ढाई गुना बिजली की खपत गर्मी के दिनों में बढ़ गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों का मानना है कि भीषण गर्मी के दौरान गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर एसी व पंखे का सहारा आम उपभोक्ताओं के द्वारा अमूमन 24 घंटे लिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अंचलों में इस समय मूंग फसल का सीजन चल रहा है। किसानों को फसल में पानी देने के लिए बिजली की आवश्यकता लग रही है। जिससे बिजली की खपत तेजी के साथ बड़ी हैं। भैरूंदा डिवीजन में कुल 45716 उपभोक्ता है। जिनमे घरेलू 26400, व्यावसायिक 2883, पंप कनेक्शन 15880 व अन्य उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 300 है।

### सिस्टम पर दबाव बढ़ा, बकाया भी 60 करोड़

बढ़ती बिजली खपत के साथ बिजली वितरण सिस्टम पर भी दबाव लगातार बढ़ रहा है। फीडर और ट्रांसफार्मर अधिक क्षमता पर चल रहे हैं। बिजली कंपनी के सामने एक बड़ी चुनौती उपभोक्ताओं का बढ़ता बकाया भी है। वर्तमान में बिजली उपभोक्ताओं पर 60 करोड़ रुपए का बकाया है। जिसे वसूल करना विद्युत विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। इस समय विभाग के द्वारा विद्युत की वसूली का अभियान भी चलाया जा रहा है। पिछले दिनों नेशनल लोक अदालत के दौरान भी उपभोक्ताओं को विद्युत के बिलों में अधिभार की छूट दी गई थी। लेकिन अभी भी शहरी उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली के बिलों का भुगतान करना है। हालांकि विभाग की माने तो ग्रामीण अंचलों में भी बकाया अधिक है।

**बढ़ने लगे सोलर के उपभोक्ता- लेकिन फिर भी जमा करने पड़ रहे बिजली के बिल :** हालांकि शहर में धीरे-धीरे सोलर के उपभोक्ता बढ़ने लगे हैं। बिजली विभाग की माने तो लगभग 150 उपभोक्ताओं के द्वारा अपने घरों में सोलर लगवा लिए गए हैं। जिसके तहत कई उपभोक्ताओं के द्वारा अपने घरों में खर्च की जा रही कुल यूनिट का उत्पादन अपने सोलर सिस्टम के माध्यम से किया जा रहा है। सोलर के उपभोक्ताओं का मानना है कि बिजली का उत्पादन किया जाने के बावजूद भी उन्हें बिजली के बिलों से राहत नहीं मिल सकी है। विभाग के पास अभी भी सोलर के लगभग 10 मामले पेंडिंग है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर बिजली कटौती की जा रही

एक तरफ शहरों में बिजली की रिकॉर्ड खपत हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर लंबे समय तक बिजली कटौती की जा रही है। कई गांवों में बिजली बंद रहने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कटौती का कोई तय समय नहीं है। आधी रात को भी बिजली बंद हो जाती है, जिससे लोग गर्मी में सो नहीं पा रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती को लेकर लोगों का गुस्सा अब सोशल मीडिया तक पहुंच गया है। लोग लगातार बिजली कंपनी और सरकार को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस मामले में विद्युत विभाग का मानना है कि शहरी क्षेत्र में विद्युत की कटौती शेड्यूल के तहत की जाती है। ग्रामीण अंचलों में भी 24 घंटे गांव की बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन खेतों में जो शेड्यूल तय किया गया है उसके मुताबिक विद्युत उपलब्ध हो रही है।

### भैरूंदा डिवीजन में बिजली खपत की वर्तमान स्थिति

प्रतिदिन औसत बिजली खपत :15 लाख यूनिट, सामान्य दिनों की खपतः 6 लाख यूनिट, एक साल में बढ़ी खपतः करीब 9 लाख यूनिट प्रतिदिन, घरेलू उपभोक्ताः 26400, व्यावसायिक कनेक्शनः 2883, पंप उपभोक्ता : 13880, अन्य उपभोक्ता लगभग 300

## संस्कार हीन संतान कुल को डुबा देती: पं. मोहितराम

**सीहोर।** संस्कार से विमुख संतान अपने कुल को स्वर्ग से नरक में भेज देते हैं संस्कार के बिना मानव जीवन व्यर्थ आप आपकी संतान को संस्कार ज्ञान जरूर देना चाहे एक बार उसे मोटरसाइकिल कार नहीं दोगे तो वह एक दिन रोएगा और संस्कार नहीं दोगे तो वह जीवन भर रोएगा। उक्त उद्गार पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर रामनगर कॉलोनी ग्राम दोराहा सीहोर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए।

कथा के दौरान भगवान गणेश के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए सनातन धर्म में 16 संस्कारों का महत्व बताया,सनातन धर्म में संस्कारों का बड़ा महत्व, हमारे यहां हर एक कार्य संस्कार एवं संस्कृति विधि विधान से किया जाता हैं। सनातन धर्म में 16 संस्कार का वर्णन है इन्हीं संस्कारों की वजह से सनातन धर्म अनादि काल से चला रहा है भगवान गणेश की जन्म कथा पद्म पुराण के अनुसार एक बार श्री पार्वती जी ने अपने शरीर के उबटन से एक आकर्षक कृति बनाई, जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगा में डाल दिया। गंगाजी में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गई। पार्वती जी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा। देव समुदाय ने उन्हें गांगेय कहकर सम्मान दिया और ब्रह्मा जी ने उन्हें गणों का आधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया।



पुराणों के अनुसार एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्टकर्म में विघ्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने 'तथास्तु' कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया।समय आने पर गणेश जी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशूल तथा दूसरे में पाश था।

देवताओं ने पुष्प-वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बार-बार प्रणाम किया। हमारे घर में ही भगवान गणेश की तरह विवेकशील बुद्धिमान संतान तभी होगी जब हम उसे संस्कार देंगे, आयोजन कर्ता अग्रवाल परिवार एवं ग्राम दोराहा वासियों ने संपूर्ण क्षेत्रवासी ग्रामवासीयों ने से कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

## सड़क हादसे में दो जैन समाज की आराध्य आर्यिकाओं की समाधि, जैन समाज में शोक की लहर

### सोमवार को जिलाधीश को सकल जैन समाज ज्ञापन सौंपेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जैन समाज और सनातन धर्म के आराध्य साधु संत के बिहार पद यात्रा के समय आये दिन सड़को पर पुलिस यातायात अव्यवस्था के कारण वाहन चालको द्वारा नशे मे और लापरवाही अनियंत्रित वाहन चलाने से घटना दुर्घटना मे विहार कर रहे तप और तपस्या के साक्षात साधु संत कभी घायल तो कभी असमायिक परलोकगमन से समस्त अनुयाई अहात हुए श्रध्दालुओ मे भारी रोष है ।

हाल ही मे जैन समाज और सनातन धर्म के अनुयायी मध्यप्रदेश के रीवा मे संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या 105 श्री श्रुतमति माता जी के साथ हुई भीषण सड़क दुर्घटना मे उनकी असमायिक समाधि से अत्यंत मर्माहत है । पद विहार कर साध्वी तथा साधु संत के के साथ लगातार हो रही है , जो कि अत्यधिक चिंतनीय और पीड़ादायक है।

सोमवार को जैन समाज और समस्त धर्म प्रेमी बंधु कलेक्टर कार्यालय पंहुचकर दोषियो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं तप और तपस्या के साक्षात संत साध्वी के विहार पदयात्रा के समय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौपेगें।

## सीएमएचओ ने किया टीकाकरण शिविर का निरीक्षण

**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने ग्राम अमलाहा में आयोजित टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर के साथ ही वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रो पर जाकर शिविरों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। जिले में 22 मई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 317 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 152 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 76 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




## अयोध्या में विक्रम मस्ताल ने किए रामलला के दर्शन, देश में रामराज्य की कामना

**भैरूंदा।** टीवी सीरियल रामायण में हनुमान जी की भूमिका निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध कलाकार एवं समाजसेवी विक्रम मस्ताल शर्मा ने पावन नगरी अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धा भाव से पूजन-अर्चन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।

अयोध्या धाम के इस आध्यात्मिक प्रवास के दौरान विक्रम मस्ताल शर्मा ने राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दिव्य दर्शन कर स्वयं को भावविभोर बताया। इसके पश्चात उन्होंने हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचकर पवनपुत्र हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उनकी उपस्थिति ने धार्मिक माहौल को और अधिक ऊर्जा से भर दिया।



विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा, सत्य और न्याय के प्रतीक हैं, और उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज एवं राष्ट्र का कल्याण संभव है। उन्होंने कामना की कि देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना हो तथा हर नागरिक के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल सहित अन्य गणमान्यजन एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से देश की एकता, सद्भावना और जनकल्याण की प्रार्थना की।

**दमकल के पहुंचने से पहले सब कुछ हो गया स्वाहा**

# अज्ञात कारणों से मकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गांव ग्राम डाबरी में शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक मकान में अज्ञात कारणों के चलते अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में घर के अंदर रखा राशन और गृहस्थी का लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया।





### दमकल के पहुँचने से पहले सब कुछ स्वाहा

जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा डाबरी निवासी रेवा राम जाट के घर पर हुआ। शुक्रवार रात जब परिवार के लोग घर में थे, तभी अचानक मकान से आग की लपटें उठने लगीं। ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग पर काबू पाते, उससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँची, तब तक पूरा मकान और उसमें रखा सारा सामान मलबे और राख के ढेर में तब्दील हो चुका था।

**लाखों का नुकसान, पीड़ित परिवार बेघर :** प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित परिवार के अनुसार, आगजनी की इस घटना में घर में रखा हुआ खाने-पीने का राशन, कपड़े, कीमती दस्तावेज और नकदी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित रेवा राम जाट का परिवार इस संकट की घड़ी में पूरी तरह बेघर हो गया है। फिलहाल आग लने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द उचित मुआवजा और सहायता राशि प्रदान की जाए।

## हजूरी रूप साईं साधराम साहब को श्रद्धांजलि ब्लू बर्ड स्कूल में आयोजित हुई भावपूर्ण सभा

**सीहोर।** बड़े ही दुःख का विषय है कि हिंद सिंध के सरताज़, करोड़ों दिलों के मालिक, हाज़िर स्वरूप साईं साधराम साहब नश्वर देह का त्याग कर परमात्मा के श्रीचरणों में विलीन हो गए हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा, प्रेम, सद्भाव एवं समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके महाप्रयाण से सम्पूर्ण सिंधी समाज में शोक की लहर व्याप्त है। सिंधी समाज के संत साईं साधराम साहब के ब्रह्मलीन होने पर हिन्द से लेकर सिंध तक पूरे देश में शोक की लहर है। गुरुवार को अंतिम संस्कार के दौरान लाखो की संख्या में भक्तों ने उनके पार्थिव शरीर के दर्शन किए और उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।



शोक की इस लहर के चलते शनिवार को हिंद सिंध के सरताज, हजूरी रूप साईं साधराम साहेब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु ब्लू बर्ड स्कूल, सिंधी कॉलोनी सीहोर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत साईं साधराम साहब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान, अरदास एवं सत्संग का आयोजन भी किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि साईं साधराम साहेब जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा, प्रेम, भाईचारे और समाज कल्याण के लिए समर्पित किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में सेवा और सद्भावना का संदेश फैलाया जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में समाजजनों ने भावुक होकर साईं जी के जीवन प्रसंगों को याद किया और कहा कि उनका आशीर्वाद एवं प्रेरणा सदैव समाज को मार्गदर्शन देती रहेगी। सभा के अंत में विश्व शांति एवं समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई तथा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## अपराधों का बढ़ता दायरा और पुलिस महकमे के सिकुड़े हाथों से माफिया के हौसले बुलंद

# अड़ीबाजी के 2 मामलों में केस दर्ज, जमीन विवाद में 30 व जमानत की मांगी 25 लाख रुपए की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर थाना अंतर्गत अड़ीबाजी, रंगदारी और मारपीट के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामले में जमीन पर कब्जा रोकने के नाम पर 30 लाख रुपये की मांग की गई, जबकि दूसरे मामले में जेल में बंद परिजनों की जमानत कराने के एवज में 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई।

### खरीदी गई जमीन पर कब्जा रोकने के लिए मांगे 30 लाख रुपए

पहले मामले में फरियादी अपने साथियों कमाल खां और इकबाल खां के साथ थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार वर्ष 2019-20 में उन्होंने इकबाल खां, नजमा बी, जमील खां, मोहम्मद हुसैन, गनी खां, शकील कुरैशी एवं हनीफ कुरैशी से सर्वे नंबर 538/1/2/5/1 रकबा 0.790 एवं 538/1/2/2/2 रकबा 0.880 भूमि की विधिवत रजिस्ट्री कराई थी। जमीन पर उनका कब्जा भी था। फरियादी का आरोप है कि हाट मंडाई निवासी रफीक खां पिता यूसुफ खां उक्त जमीन पर कब्जा नहीं लेने दे रहा है। आरोपी ने जमीन पर अवैध रूप से चूना डलवाकर खंभे गड़वा दिए तथा मुरुम भी डलवा दी। जब फरियादी और उसके साथी इकबाल खां ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि रफीक खां ने कहा कि "30




लाख रुपये दो, तभी जमीन पर आने दूंगा।" विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे फरियादी के सीने और बाएं गाल पर चोट आई। घटना के दौरान कमाल खां और इकबाल खां मौके पर मौजूद थे।

### जेल के बाहर महिला को रोककर मांगी 25 लाख की रंगदारी

दूसरे मामले में वार्ड क्रमांक 14 डांडिया वाडी निवासी 40 वर्षीय हसीना बी पति शाकिर शेख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार उनके पति, बेटे और भाइयों पर थाना क्षेत्र में प्रकरण दर्ज होने के कारण वे जेल में बंद हैं। इसी का फायदा उठाकर हाट मंडाई निवासी आरोपी हाफिज उन्हें लगातार परेशान कर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार 21 मई 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे हसीना बी अपनी भाभी मीनाज बी, नाजीस बी एवं बहन शबीना बी के साथ जेल में बंद परिजनों से मिलने जा रही थीं। तभी जेल के बाहर आरोपी हाफिज सोल्जर कार लेकर पहुंचा और उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने कहा कि "यदि पति, बेटे और भाइयों की जमानत कराना है तो 25 लाख रुपये देना होंगे, नहीं तो जमानत नहीं होने दूंगा।" महिला द्वारा असमर्थता जताने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके बाएं गाल पर थप्पड़ मार दिया। साथ ही राजीनामा नहीं करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद परिजनों ने बीच-बचाव किया। वही पुलिस ने दोनों मामलों में फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## निकाय कर्मचारियों से मारपीट और अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग



**कुरावर।** नगर परिषद कुरावर के कर्मचारियों ने आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग एवं हाईवे क्षेत्र से हटाने के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार नगर परिषद के कर्मचारी निकाय क्षेत्र में आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से बाहर करने की कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान शरद काछी द्वारा कर्मचारी इन्द्रसिंह के साथ कथित रूप से डंडे से मारपीट की गई। वहीं हेमंत शर्मा, अमित और प्रकाश पर भी कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि संतोष वाल्मीकि, संजू होटले, नारायण चैधरी, बद्रीलाल, मुकेश चन्द्रवंशी, विनोद वाल्मीकि, महेश, राजाबाबू, उमाशंकर शर्मा एवं ओमप्रकाश वाल्मीकि सहित अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा जातिसूचक शब्द कहे गए। नगर परिषद कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार, टप्पा कार्यालय कुरावर को दिए ज्ञापन में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे काम बंद करने के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि शासकीय कार्य के दौरान इस प्रकार की घटनाएं कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

## खुजनेर के चाटूखेड़ा क्षेत्र में परेशानी

# बिजली संकट अभी भी बरकरार नए ग्रिड सालों से प्रस्तावित अब मंजूरी की लग सकती मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बिजली की समस्या यू तो कही जगह बन कर सामने आती हैं खासकर सिंचाई के समय यह गंभीर रूप लेती है लेकिन कभी कभी अवरलोड के कारण घंटो बिजली गुल होने से ग्रामीणों मे आक्रोश देखने को भी मिलता है कभी तो लोग परेशान होकर रोड जाम करते हैं। ऐसे में बिजली की समस्या से निजात मिलती नजर नही आ रही है।

### कहां बनी हुई है बिजली की समस्या?

खुजनेर विधुत केंद्र में आने वाले चाटूखेड़ा ग्रिड पर दर्जनों गांवों का लोड घरों को अंधेरे मे तब्दील कर देता है तो कभी फाल्ट और तार टूटने की स्थिति बार बार निर्मित होती हैं। दरअसल चाटूखेड़ा मे बिजली सब स्टेशन तो है लेकिन गाँवों का बोझ अधिक है और एक ही ग्रिड पर अधिक गाँव के लोड से हर साल तार टूटने अवर लोड लोड जैसी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं लेती साथ ही इन्हे ठीक करने मे हर रोज परमिट होने की स्थिति बनी रहती हैं।

### दो स्थानों पर प्रस्तावित नए सब स्टेशन एक को मिल सकती हैं मंजूरी

चाटूखेड़ा क्षेत्र के कालीतलाई, माथनिया (एक पनिया महाराज) इन दो स्थानों पर नए ग्रिड बनाने के बाद क्षेत्र में बिजली संकट से छुटकारा मिल सकता है किंतु बिजली विभाग के मुताबिक अभी माथनिया गांव में मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है और अगले वर्ष तक नया ग्रिड बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। वही काली तलाई पर नए ग्रिड की प्रक्रिया फिर ठंडे बस्ते मे जाते हुए नजर आ रही है। क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव पूर्व मे किसानो के उग्र प्रदर्शन और रोड जाम की स्थिती के दोरान नये बिजली ग्रिड बनाने पर आश्वस्त किए जाने के बाद यह अभी तक बिजली समस्या से निजात नही मिल सकी है।

### इनका कहना है

हमने आज ही इस मामले में भोपाल बात की है, दो अलग अलग-जगह पर नए ग्रिड प्रस्तावित है फिलहाल प्रक्रिया चल रही हैं एक ग्रिड माथनिया गाँव को मंजूरी मिलने की संभावना है।

-रवि बडोले, जेई खुजनेर'

## सेंदली जोड़ पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक और ट्रैक्टर में मारी टक्कर, ट्रैक्टर के हुए दो टुकड़े, 8 लोग हुए घायल

**जीरापुर।** सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर सेंदली जोड़ कालीसिंध नदी के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पहले बाइक में टक्कर मारी वाहन इतना तेज था कि फिर बेकाबू होकर एक ट्रैक्टर में जाकर टक्कर मारी, जिसमें ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए , इस घटना में आठ लोग घायल बताए जा रहे हैं! जानकारी के मुताबिक दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस तथा 112 एंबुलेंस से पहले ही घायलों को निजी वाहन से सुसनेर अस्पताल ले गए। पुलिस के अनुसार गुरुवार की दोपहर में सेंदली जोड़ के पास जीरापुर की ओर से जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एक बाइक को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार घायल हुए वही स्कार्पियो की तेज गति होने से बेकाबू होकर सुसनेर की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर में भयंकर टक्कर मार दी ,जिसमें ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार की गति बहुत तेज होने से बाइक पर सवार दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। बाइक





सवार युवक अपने ससुराल मोड़ी जा रहा था। वहीं ट्रैक्टर चालक गंभीर घायल बताया जा रहा है, जिसे सुसनेर सिविल अस्पताल से आगर जिला अस्पताल रेपर कर दिया गया। साथ ही स्कॉर्पियो में सवार पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं जिसमें एक दूल्हा भी शामिल है। स्कॉर्पियो राजस्थान के कोटा जिला की बताई जा रही। वही ट्रैक्टर सुसनेर थाना क्षेत्र के लोमड़ी गांव का बताया जा रहा है! थ्जसका चालक जसवंत पिता गंगाराम विश्वकर्मा गंभीर घायल हुआ। जिसे तत्काल सुसनेर ले गए जहां से जिला अस्पताल आगर रेफर किया। घटनास्थल पर पुलिस के साथ-साथ दो 112 एंबुलेंस सुसनेर थाना क्षेत्र और दो 112 एंबुलेंस जीरापुर थाना क्षेत्र से घटना स्थल पहुंची जीरापुर से एएसआई श्यामलाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र शर्मा, चालक ओमप्रकाश दांगी, आरक्षक सतेन्द्र सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचे। लेकिन घायल निजी साधन से वहां से जा चुके थे।

## भैसवामाता मंदिर पर 25 से बनाए जाएंगे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग



**सारंगपुर।** भैंसवा माताजी स्थित माता बिजासन धाम में 25 मई से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन नर्मदापुरम के संत सोमेश परसाई के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ समिति के अनुसार 25 मई सुबह 8 बजे अरनिया मार्ग से कलश यात्रा निकलेगी, जिसमें बैंड, ढोल-ताशों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ होगा। श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा मिट्टी एवं पूजन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से भजन एवं रुद्री निर्माण तथा दोपहर 2 बजे से संगीतमय रुद्राभिषेक होगा। आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर 15 यात्री बसों की जांच कर 4 हजार समन वसूला



**सारंगपुर।** यात्रियों की सुरक्षा को नजर अंदाज कर सड़कों पर दौड़ रही यात्री बसों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मुख्यालय एवं परिवहन विभाग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सघन जांच अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने करीब 15 यात्री बसों की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 4 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला। कार्रवाई के बाद बस संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही।यह कार्रवाई एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देशन एवं थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस टीम ने बसों में सुरक्षा व्यवस्थाओं और आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की।

### 21 से 27 तक चलेगा विशेष अभियान

थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि यात्रियों के सुरक्षित सफर को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में विशेष चेकिंग अभियान 21 मई से शुरू किया गया है, जो 27 मई तक लगातार जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य बसों में सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और संभावित हादसों को रोकना है।वही एसआई दीपक परमार ने बताया कि जांच के दौरान बसों में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्स्टिंग्विशर) की कार्यशीलता एवं वैधता की जांच की गई। साथ ही आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट) के रास्तों में किसी प्रकार की रुकावट तो नहीं है, इसका भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, रूट परमिट एवं बीमा दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की गई। बस संचालकों को सख्त हिदायत दी गई।

### इनका कहना है

यात्रियों की जान से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी दिनों में यदि किसी बस में फायर सेफ्टी या अन्य आवश्यक दस्तावेज अधूरे पाए गए तो संबंधित संचालकों के खिलाफ और अधिक सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- **राहुल रघुवंशी**, थाना प्रभारी सारंगपुर।



## पर्यावरण संतुलन के लिए व्याख्यान हुआ

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्टा की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन्य जीव एवं जल जीव संरक्षण व्याख्यान आयोजन में पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार एवं डॉ रश्मि सोनी के द्वारा पर्यावरण संतुलन सम्बंधित जानकारी दी तथा जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी पर उपस्थित विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां एवं प्राकृतिक संसाधन मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है जैव विविधता केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं है बल्कि खाद्य सुरक्षा, औषधि एवं आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है।

# प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक और नेतृत्व विकास का माध्यमः हेमंत खंडेलवाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के निमित्त गुना में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से भाजपा की कार्यपद्धति विषय पर संवाद किया। साथ ही प्रशिक्षण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित अपेक्षित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्यकर्ता ही भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व विकास का वह माध्यम



हैं, जो संगठन को और अधिक गतिशील एवं सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की कार्यशैली, कार्यकर्ता की भूमिका एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व के संबंध में अपने विचार रखे । प्रशिक्षण के पहले दिन कुल सात सत्र आयोजित किए गए जिसमे विभिन्न वक्ताओं ने नियत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए ।अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः ग्यारह बजे प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे और वहाँ वर्ग में शामिल होकर अशोकनगर के लिए रवाना हो रहे ।वर्ग में संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे,जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत,जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,प्रशिक्षण प्रभारी उमेश रघुवंशी,पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे,जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़,नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता,विधायक प्रियंका पेंची,विधायक पन्नालाल शाक्य,पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया,हीरेन्द्र सिंह पीलाघाटा मंचासीन रहे।प्रशिक्षण के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे

## सुठालिया में पानी पर डाका, जिम्मेदारों की अनदेखी

# नदी में मोटरें, जनता तरसी, प्रशासन जेसीबी से विकास करवार कर बिल निकालने में मस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

इस समय नगर के हालात अंधेर नगरी वाला हो रहा है, जहा कोई किसी तरफ ध्यान नहीं दे रहा। ऐसे ही हालात नगर के समीप पार्वती नदी के देखने को मिले है, जहा पर अवैध मोटरों के चलते सूखने की कगार पर है, नगर में लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन जेसीबी चलवाकर गहरीकरण के नाम पर लाखों के बिल बनाने में जुटा है। शिकायतों के बाद भी अवैध मोटरें जस की तस हैं।

### तस्वीरों ने खोली पोल

मौके की तस्वीरें हालात बयां कर रही हैं। पार्वती नदी का पाट सूखकर तालाब में बदल गया है। बचे-खुचे पानी में ही 20 से ज्यादा बड़े-बड़े पाइप डाले गए हैं। इंटकवेल के पास जेसीबी से गड्ढे कर पानी निकालने की कोशिश हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंचाई और टैंकर भरने के नाम पर रात-दिन अवैध दोहन चल रहा है।

### नगर में पानी के लिए त्राहि-त्राहि

नदी का जलस्तर गिरने से नल-जल योजना पूरी तरह चरमरा गई है। वार्डों में 3 से 4 दिन में एक बार पानी आ रहा है। कई मोहल्लों में टैंकर ही सहारा हैं। महिलाओं को सुबह 4 बजे से लाइन में लगना पड़ रहा है। वार्ड-5 की सुनीता बाई ने बताया, ष्नल में पानी ही नहीं आता। टैंकर वालों के भरोसे बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।

### प्रशासन मौन, जनता परेशान

नागरिकों का आरोप है कि अवैध मोटरों की शिकायत कई बार नगर परिषद में की गई, मगर आज तक एक भी मोटर नहीं हटाई गई। उल्टा नदी में इंटकवेल के पास जेसीबी मशीन चलाकर गहरीकरण के नाम पर काम कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर जहां जल समस्या से जूझ रहा है, वहीं इस आपदा को अवसर बनाकर जेसीबी मशीनों से काम करवाकर भारी-भरकम बिल निकाले जा रहे हैं। जनता प्यास से बेहाल है, लेकिन अवैध मोटरों पर कार्रवाई के नाम पर प्रशासन खामोश है।

### आखिर जिम्मेदार कौन?

- नदी से अवैध मोटरें क्यों नहीं हट रहीं?
- जेसीबी से गहरीकरण का टेंडर किसने पास किया? बिल कितने का बना?
- जब नदी में पानी ही नहीं, तो गहरीकरण किसके लिए?
- शिकायतों के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं?

### कब जागेगा प्रशासन?'

पार्वती नदी सुठालिया सहित दर्जनों गांवों की प्यास बुझाती है। अगर अवैध दोहन और प्रशासन की लापरवाही ऐसे ही चलती रही तो जून में हालात बेकाबू हो जाएंगे। जनता पूछ रही है कि आखिर अवैध मोटरें कब हटेंगी? जिम्मेदार कब जागेंगे?

### इनका कहना है

मुझे आज ही जानकारी लगी है मैं सीएमओ से बात कर टीम को मौके पर भेजता हूं।

-रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया।

## उपजेल चांचौड़ा में बंदियों को विधिक अधिकारों की दी गई जानकारी

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के मार्गदर्शन में आज को उपजेल चांचौडा.का साप्ताहिक निरीक्षण सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरक को भ्रमण कर बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, प्लीबारगेनिंग, जमानत संबंधी एवं अपील संबंधी अधिकारों, मध्यस्थता योजना के साथ साथ नालसा एवं सालसा की विभिन्न कल्याण कारी योजानाओं से जागरूक किया जाकर बंदियों को लाभांवित किया गया।

# किसान की बेटी के "बुद्धि के घड़े" ने जीता जयवर्धन का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पूर्व मंत्री और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने ग्राम पगारा का दौरा कर प्रगतिशील कृषक पीतम लोधा की उन्नत एवं बहुफसली खेती का जायजा लिया। किसान के नवाचारों से प्रभावित होकर जयवर्धन ने किसानों से पारंपरिक फसलों के दायरे से बाहर निकलकर आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान किया है। कृषक पीतम लोधा ने जयवर्धन सिंह को बताया कि वे बिना पॉलीहाउस के लगभग 8 बीघा भूमि में सफलतापूर्वक गुलाब की खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही वे पालक, मूली और गेंदा जैसी नकदी फसलों का भी उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतरीन लाभ मिल रहा है। मुलाकात के दौरान उनकी बेटी पायल लोधा द्वारा तैयार किया गया बुद्धि का घड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसकी पूर्व मंत्री ने जमकर सराहना की। जयवर्धन सिंह ने किसान के इस प्रयास को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि आज गेहूं, चना और धनिया जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ फल,



फूल और सब्जियों की खेती की सख्त जरूरत है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे। वर्तमान में खाद-बीज की किल्लत और टोकन के बावजूद समय पर उपलब्धता न होने से किसान परेशान हैं, ऐसे में खेती में नवाचार ही उन्नति का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने कहा कि श्री लोधा की तरह आधुनिक खेती अपनाकर किसान लाखों का व्यवसाय कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष की मनाई पुण्यतिथि

**आष्टा।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय श्री ठाकुर रतन सिंह जी की पुण्यतिथि पर सिविल अस्पताल मे फल वितरण कर मनाई। वरिष्ठ जन द्वारा उनके द्वारा राजनीती एवं सामाजिक कार्यों की प्रसंसा की कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से नपा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नपाध्यक्ष मीना विनीत सिंगी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मिया, रसीद चाचा नेताजी, अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सोभाल सिंह मुंगली, सोभाल सिंह बागेर, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भैया एम पी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, कृपाल सिंह बनखेड़ा, विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, कमल सिंह ठाकुर, अध्यापक टीपाखेड़ी मेहरवान सिंह, अध्यापक रोलखेड़ी चेतन सिंह सेमलीबारी, ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह सोभाखेड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मेमदाखेड़ी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, सेमलीबारी सूरज सिंह भानाखेड़ी, जीवन सिंह मंडीगेट, उदय सिंह, विक्रम सिंह, विश्राम सिंह गवाखेड़ा, इंदर सिंह ठाकुर, अरनिया राम, जीतेन्द्र सिंह ठाकुर, राम भोलू सिंह, गोलू भैया हाजीपुर नवाब बेरी पलव प्रगति नरेन्द्र कुशवाहा, एजाज पागरिया हाट, इमरान खान, महेन्द्र सिंह हरनियगांव, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, अरनिया राम, विनोद सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, हरिओम सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### जीवनदायिनी मां पार्वती नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का चल रहा कार्य

# राजस्थानी लाल पत्थरों से सज रहा घाट नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

नदी के तट पर राजस्थानी आकर्षक लाल पत्थरों से भव्य घाट का निर्माण कराया जा रहा है, जो आने वाले समय में नगर के प्रमुख आकर्षण और धार्मिक केंद्र के रूप में उभरेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी की नगर सरकार अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ नगर की प्राकृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों को सहेजने व संवारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में नगरपालिका द्वारा नगर की जीवनदायिनी मां पार्वती नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम किया जा रहा है। नदी के तट पर राजस्थानी आकर्षक लाल पत्थरों से भव्य घाट का निर्माण कराया जा रहा है, जो आने वाले समय में नगर के प्रमुख आकर्षण और धार्मिक केंद्र के रूप में उभरेगा। इसके साथ ही नदी के प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पत्थरों से मजबूत पाल तटबंध का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे नदी के किनारों को मजबूती मिलेगी।निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण - इन सभी चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और वास्तविकता जानने के लिए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आज कार्यस्थल का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने घाट निर्माण और पाल मजबूतीकरण के कार्य का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून की दस्तक से पहले या तय समयसीमा के भीतर इस कार्य को पूरी गति के साथ संपन्न किया जाए, ताकि नगरवासियों को जल्द से जल्द इसकी सौगात मिल सकें।नगर की धरोहरों को सहेजने का संकल्प - इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि नगर सरकार का मुख्य ध्येय केवल बुनियादी विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि आष्टा की ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक धरोहरों का संरक्षण करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। मां पार्वती नदी नगर की जीवनरेखा है और इसका सौंदर्यीकरण न केवल पर्यावरण के लिहाज से जरूरी है, बल्कि स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था को भी एक सुंदर और सुरक्षित स्थान प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षदगण कमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान आदि मौजूद थे।

# नगर पालिका ने तेज की बड़े-छोटे नालों की सफाई

### जलभराव से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आगामी वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए स्थानीय नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह सतर्क और एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मानसून के दौरान शहरवासियों को जलभराव और गंदगी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर पालिका द्वारा वर्षा पूर्व नाला सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। नपा सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति के सीधे निर्देशन में नगरपालिका का पूरा स्वच्छता अमला इस समय जमीन पर उतरा हुआ है। स्वच्छता विभाग द्वारा सबसे पहले नगर के सभी छोटे और बड़े नाला-नालियों को चिन्हित किया गया, जिसके बाद एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर सफाई कार्य को तीव्र गति दी जा रही है।जेसीबी का लिया जा रहा सहारा - सफाई व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए मसीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारी बारिश के दौरान भी नगरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर के सभी प्रमुख और संकरित नालों की सफाई कराई जा रही है। जहां इंसानी श्रम से सफाई संभव नहीं है, वहां जेसीबी और अन्य आवश्यक संसाधनों के माध्यम से गाद और कचरा बाहर निकाला जा रहा है, ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से बना रहे। अक्सर देखा जाता है कि पहली ही बारिश में नालों की चोकिंग की वजह से सड़कों और निचले रिहायशी इलाकों में पानी भर जाता है, जिससे न सिर्फ आवागमन प्रभावित होता है बल्कि मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नगरपालिका द्वारा समय रहते की जा रही इस मुस्तैद कार्रवाई से इस बार नागरिकों को जलजमाव की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे नालों और नालियों में पॉलीथिन या ठोस कचरा न फेंकें, ताकि सफाई अभियान पूरी तरह सफल हो सके। इस कार्य में स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते, राजेश घेंघट, अमरदीप सांगते, जितेन्द्र सिंगन, रितेश सांगते, किशोर डूमाने, पप्पू खरे आदि की सराहनीय भूमिका है।

# सड़क हादसे में दो जैन आर्यिकाओं का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





विगत दिवस मप्र के रीवा नगर में प्रातः काल जैन साध्वी आर्यिका माता की कर चालक द्वारा जानबूझकर कार से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन व महामन्त्री कैलाश जैन ने बताया कि विगत दिवस रीवा में हुए घृणित प्राणघातक दुर्घटना में एक सिरफिरे व्यक्ति द्वारा प्रातः काल जंगल जाते समय आर्यिका संघ के ऊपर जानबूझकर तेज गति में कार चढ़ा दी गई जिससे आर्यिका श्री श्रुत मति माता व आर्यिका उपशम मति माता दो आर्यिका काल कवलित हो गई थी व अन्य साध्वी गण व श्रावक जन गम्भीर घायल हुए है संत समाज हमारी धरोहर व मार्गदर्शक होते है उनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य होता है ऐसी विभत्स घटना से भारत का समूचा अहिंसा समाज आक्रोशित।

पांच सूत्रीय ज्ञापन में घटना की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाए, सन्तो के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए, प्रशासन ओर समाज के बीच समन्वय तंत्र बनाया जाए। जैन संत निरन्तर पद विहार ही करते है साधु संतों को पद विहार में विशेष सुरक्षा प्रदान की जाए इस हेतु परम पूज्य आचार्य समय सागर निर्यापक मुनि सुधा सागर महाराज व शंका समाधान प्रणेता मुनि प्रमाण सागर के सामूहिक आह्वान पर समुचे भारत देश मे एक ही समय मे एक ही दिन एक साथ शासन को ज्ञापन दिया जाएगा व मोन रैली निकाल कर अपना विरोध प्रकट किया जाएगा25 मई दिन सोमवार को प्रातः 8:30 बजे पुरानी सब्जी मंडी से एकत्रीकरण होकर एक मोन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली जाएगी व तहसील कार्यालय पहुच कर देश के ग्रह मंत्री जी के नाम पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रशासन को दिय जाएगा उक्त मोन रैली व ज्ञापन में सकल हिन्दू समाज संगठन व श्री सकल श्वेताम्बर जैन श्री संघ का भी हमे समर्थन प्राप्त हुआ है सयुक्त रूप से प्रासाशनिक अधिकारी को ज्ञापन सोपा जाएगा समस्त समाज बंधुओ गणमान्य नागरिकों माताओं बहनों से ज्ञापन व मोन रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह व श्री श्वेताम्बर जैन श्री संघ के अध्यक्ष पवन सुराणा दिगम्बर जैन समाज के संरक्षकगण पवन जैन धनरूपमल जैन मुकेश बडजात्या रमेश जैन आदिनाथ मंनोज जैन सुपर द्वारा की गई है व कहा गया है कि पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र व महिला संमाज केसरिया परिधान में अनुशासन के साथ मोन रैली में शामिल हों।

# ईद-उल-अज़हा पर साफ-सफाई, पानी और बिजली व्यवस्था को लेकर पार्षद प्रतिनिधि ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ईद-उल-अज़हा के पाक त्योहार को मद्देनज़र रखते हुए वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद शेख रईस ने शहरवासियों से साफ-सफाई बनाए रखने की पुरजोर अपील जारी की है। शेख रईस ने बताया कि 28 मई से शुरू हो रहे ईद-उल-अज़हा पर लगातार तीन दिन तक कुर्बानी का सिलसिला जारी रहेगा। शेख रईस ने कहा कि इस अवसर पर शहर की साफ-सफाई को सुचारू रखने, मच्छरों से बचाव हेतु कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराने, ईदगाह पर पानी के टैंकर खड़े कराने, सभी मुस्लिम वार्डों में लगातार तीन दिन तक 1 घंटे नलों से पानी सप्लाई कराने, डोर-टू-डोर बड़े कचरा वाहनों की व्यवस्था कराने, खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का सुधार करने व नई लाइटें बदलवाने तथा ईदगाह व सभी मस्जिदों में चूना लाइन कराने सहित बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पार्षद प्रतिनिधि शेख रईस द्वारा कुछ दिन पूर्व ही नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय एवं बिजली विभाग के अधिकारी महोदय को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया गया है और कई बिंदुओं पर विशेष इंतजाम करने की मांग की गई है। प्रशासन ने शेख रईस को आश्वस्त किया है कि उनकी मांग पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 8 के शेख रईस ने शहरवासियों से अपील की है किकुर्बानी के अवशेष खुले में न फेंकें, कचरा वाहन का उपयोग करें। ईद के तीनों दिन सभी मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा वाहन लगातार घूमते रहेंगे। प्रत्येक स्थानीय कचरा हड्डी स्थल पर चिन्हित स्थानों पर अतिरिक्त वाहन भी खड़े किए जाएंगे। शहर के सभी मुस्लिम वार्डों में ईद के तीनों दिन लगातार रोजाना 1 घंटे नल चलाए जाएंगे। किसी कारणवश लाइट जाने पर आपातकालीन टीम तत्काल पहुंचेगी। दिन या रात में जरा सी भी लाइट जाने पर शेख रईस को तत्काल सूचित करें। सभी वार्डों में खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का सुधार कार्य कराया जाएगा और नई लाइटें भी लगवाई जाएंगी। ईद के दिन ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में चूना लाइन कराई जाएगी। नगर पालिका की सफाई टीमें ईद के दौरान दिन-रात साफ-सफाई व्यवस्था में मुस्तैदी से जुटी रहेंगी। मच्छरों से बचाव हेतु कीटनाशक दवाई का छिड़काव भी कराया जाएगा। पानी के टैंकर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।अपने घर, मोहल्ले और पड़ोस को साफ रखें। आपकी वजह से किसी भी पड़ोसी या राहगीर को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।शेख रईस ने कहा कि यह शहर हमारा अपना घर है। इसे साफ और पाक रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि किसी भी वार्ड में कचरा वाहन न पहुंचे, नल न चले, बिजली गुल हो, स्ट्रीट लाइट बंद हो, साफ-सफाई या पानी की व्यवस्था में कोई परेशानी हो, तो आप तत्काल अपने वार्ड के पार्षद या मुझ से संपर्क करे।

# युवा नेता पार्षद प्रतिनिधि ने वार्ड वासियों के लिए टैंकर व्यवस्था की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर के युवा नेता पार्षद प्रतिनिधि अजय ठाकुर गब्बर के द्वारा वार्ड व नगर वासियो के लिए निशुल्क पानी के टैंकर को नगर वासियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखा कर नगर में निशुल्क जल सेवा के लिए रवाना किया इस दौरान अजय ठाकुर गब्बर ने कहा कि नगर में जल स्तर नीचे जाने के कारण नगर के वार्डो में पानी किल्लत हो रही है इसलिए मैंने यह निशुल्क जल सेवा प्रारंभ की है जिससे वार्डो में पहुंचाया जा सकता हैं वही इस दौरान नगर के लोगो ने इस पहल को सराहनीय बताया इस दौरान प्रमुख रूप से हरनाथ सिंह वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रतिनिधि ,इकबाल भाई, चंद्र सिंह, हरि सिंह भाटी ,देवकरण सिंह प्रजापत, धीरज सिंह पटेल, धर्म सिंह ,बहादुर सिंह, आजाद सिंह, तेज सिंह गुड्डू, सुरेंद्र सिंह भाटी, देवेन ठाकुर ,शैलेंद्र ठाकुर, ठाकुर सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ,राजेश प्रजापत ,आयुष्मान ठाकुर, कुंदन पटेल, देवेंद्र ठाकुर, देवदीप ,सफीक खान ,इरफान मुन्ना पठान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे नगर व विभिन्न वार्डो के लोग उपस्थित थे।

### अनुसूचित जाति मोर्चा की हुई बैठक



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिले की बैठक भाजपा कार्यालय में समापन हुई। मुख्य अतिथि गणपत लाल डाबी भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री ने बैठक की शुरूआत की। बैठक में कैलाश बगन, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष, हरीश कौशल भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कर समिति सदस्य, रामस्वरूप मालवी पूर्व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक, राजारामजी मालवीय पूर्व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री, शरण वाल्मीकि, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भगवान सिंह रजक सलकनपुर, किशोर मालवीय, लक्ष्मी नारायण कोली, अनोखी लाल सूर्यवंशी, अनोखी लाल सागर, नरेश मेहर व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के चारों विधानसभा के मंडल अध्यक्ष व जिले के भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के पदाधिकारी गण एवं भारतीय उपस्थित रहे।

# मशाल जुलूस निकालकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देशभर में चर्चित नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर लगातार छात्रों और युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में आज आष्टा नगर में यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार एवं शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर के 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम और संघर्ष के साथ परीक्षा की तैयारी की थी तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने संजोए थे, लेकिन भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफियाओं ने उन सपनों को तोड़ने का काम किया है। इस घटना ने लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटका दिया है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। यूथ कांग्रेस एवं एनएसयुआई नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से युवाओं का भरोसा टूट रहा है और मेहनती विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई एवं जांच की मांग की।

### हिंद फौज ने समर कैंप में खिलाड़ियों का सम्मान किया, एनर्जी ड्रिंक व फल वितरित किए

# खिलाड़ियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक, कैंप का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





हिन्द फौज एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में आयोजित समर कैंप में गुरुवार को खिलाड़ियों का सम्मान किया गया तथा उन्हें एनर्जी ड्रिंक एवं फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी भी दी गई। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि हिन्द फौज द्वारा प्रति वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष लगातार तीसरे वर्ष यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री गणेश महिला एवं सामाजिक उत्थान समिति के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें हेल्थ चेकअप के लिए प्रेरित किया गया। समिति द्वारा मंगलवर को प्रातः 8.30 निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें खिलाड़ी अपने माता-पिता को भी साथ ला सकेंगे। मेडिकल कैंप में आंखों की जांच, ब्लड टेस्ट, विटामिन-डी, विटामिन-बी12 सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें की जाएंगी तथा आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में देवास जिला खेल अधिकारी सेना गाड़रिया मैम एवं जावेद पठान उपस्थित रहे। वहीं श्री गणेश महिला एवं सामाजिक उत्थान समिति की अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव, सचिव धर्मेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव, संरक्षक विष्णु गोयल, लीगल एडवाइजर अजय श्रीवास्तव एवं संस्था मानस से हेमंत शर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा हिन्द फौज संचालन कुमेर सिंह वर्मा एवं थ्रो बॉल कोच रिना पटेल की भी विशेष उपस्थिति रही।

### परिवहन विभाग ने 2 बसों के फिटनेस निरस्त कर 11 बसों से 55 हजार का राजस्व वसूला




**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा इंदौर-देवास तथा इंदौर-उज्जैन मार्ग पर यात्री बसों की जांच के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा, वैध दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, बीमा, पार्टिशन गेट आदि दस्तावेजों की जांच की गई। जांच कार्यवाही के 55 बसों की जांच की गई, जिसमें दो बसों की फिटनेस निरस्त एवं अन्य 11 बसों में कमी पाए जाने पर कुल राजस्व 55 हजार वसूला गया। कार्यवाही के दौरान बसों के अंदर से पार्टिशन गेट और स्लाइडिंग हटवाई गई, आपातकालीन खिड़की को खुलवाकर चेक किया गया।जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि आगे भी इस तरह का जांच अभियान जारी रहेगा। ताकि सड़कों पर केवल सुरक्षित और नियमों का पालन करने वाले वाहन ही चल सके।